इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, शनिवार, 12 अप्रैल 2025

वर्ष 17 अंक 216 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।

-अल्बर्ट आइंस्टीन

तापमान - अधिकतम 32.9°C (-4.3) न्यूनतम 19.0°C(-1.6) सेंसेक्स 75,157.26 (+1310.11) निफ्टी 22,828.55 (+429.40) सोना 96,450 चांदी 97,000 मुद्रा - डालर 86.13 दिरहम 23.45 रियाल 23.96

सिम-ए-कॉन को यूपी नर्सिंग और मिडवाइफरी काउंसिल ने दिया सम्मान

एरा में दो दिवसीय कार्यशाला

लखनऊ (ब्यूरो)। एरा कॉलेज ऑफ नर्सिंग (एरा यूनिवर्सिटी), सोसाइटी फॉर एलाइड हेल्थ एंड हेल्थकेयर प्रोफेशन्स एजुकेशन एंड रिसर्च के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सिम-ए- कॉन का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला को यूपी नर्सिंग और मिडवाइफरी काउंसिल द्वारा तीन क्रेडिट घंटे का सम्मान दिया गया। सम्मेलन की भव्य सफलता का श्रेय पूरी टीम को दिया गया। कार्यशाला का आयोजन आठ और नौ अप्रैल को किया गया था। कार्यशाला का उद्घाटन विशेष अतिथि प्रो. डॉ. मंजू वत्स नेशनल रेफरेंस सिमुलेशन सेंटर की पूर्व निदेशक एसजीटी यूनिवर्सिटी और कॉलेज ऑफ नर्सिंग की पूर्व प्रिंसिपल एम्स नई दिल्ली और गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. डॉ. फरजाना महदी प्रो वाइस चांसलर एरा यूनिवर्सिटी की मौजूदगी में हुआ। इसके अलावा डॉ. दिनेश वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, रजिस्ट्रार अनु चंद्रा, सहायक रजिस्ट्रार डॉ. गजाला जैदी एरा यूनिवर्सिटी और एरा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की वाइस प्रिंसिपल अंजलची ने सत्र को और भी ज्ञानवर्धक बना दिया।

उद्घाटन सत्र में प्रो. (डॉ.) प्रिसिला सैमसन, प्रिंसिपल एरा कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। लखनऊ में और बाहर के विभिन्न कॉलेजों के संकाय और नर्सिंग छात्रों सहित 100 से अधिक प्रतिभागी सक्रिय रूप से कार्यशाला गतिविधियों में लगे रहे। इस आयोजन के वक्ताओं में प्रो. डॉ. मंजू वत्स, प्रो. सोनिया हर्बर्ट, प्रो. डॉ. प्रज्ञा पाठक, वाइस प्रिंसिपल लोहिया इंस्टीट्यूट मौजूद रहीं। कार्यशाला की अनूठी विशेषताओं में से एक एक मोनोलॉग बनाने की प्रतियोगिता थी जिसे उत्साही भागीदारी मिली। इस आयोजन को कुशलता से फिरोज ज़हरा, सुश्री सोनिया एग्नेस सिंह, सुश्री गोधुली घोष और सुश्री मधु गुप्ता ने समर्पित टीम के साथ समन्वित किया जो आयोजन समिति और कर्मचारियों के एक प्रतिबद्ध समूह के साथ सफलता को सुनिश्चित करते हैं। कार्यशाला का समापन एक वैलडिक्टरी सत्र, प्रमाणपत्र वितरण और धन्यवाद के साथ हुआ।